Union Territory	Rural	Urban	Total
1. Andaman & Nicobar Islands	10	83	93
2. Arunachal Pradesh	1134	..	1134
3. Chandigarh	7	1285	1292
4. Dadar & Nagar Haveli	1007	..	1007
5. Delhi	3435	15728	19163
6. Goa, Daman & Diu	2387	1891	4278
7. Lakshadweep, Minecoy Amindive Islands	11	..	11
8. Pondicherry	877	2203	3080

* Includes Mizo district now constituted as Union Territory of Mizoram.

गैर सरकारी कर्मचारियों के पास सरकारी क्वार्टस

3597. **श्री निहाल सिंह** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री दिल्ली में अवैध रूप से सरकारी आवास पर कब्जे के बारे में 14 सितम्बर, 1981 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4139 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गैर-सरकारी कर्मचारियों द्वारा सरकारी कर्मचारियों के क्वार्टरों पर कब्जे के सम्बन्ध में अपेक्षित सूचना अब तक एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसे एकत्र करने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवस मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) से (ग) अपेक्षित सूचना विभिन्न अधिकरणों से एकत्र की जानी है और इस पर समय लग रहा है । दिनांक 14-12-82 को आरांकित प्रश्न संख्या 4139 के उत्तर में दिये गये आश्वासन को पूर्ण करने के लिए आवश्यक समय वृद्धि मांगी गई है ।

धार्मिक और सामाजिक संगठनों को भूमि और भवनों का आवंटन

3598. **श्री निहाल सिंह** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) धार्मिक और सामाजिक संगठनों द्वारा दिल्ली में भवनों और भूमि के रियायती दरों पर आवंटन के लिए गत दो वर्षों के दौरान कितने आवेदन पत्र दिए गए हैं और इन संगठनों के नाम और पते क्या हैं ; और

(ख) उनमें से अब तक आवेदकों को भूमि दी जा चुकी है और उन्हें भवन बनाने के लिए किस दर पर भूमि आवंटित की गई है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।